प्रधानमंत्री नए संसद भवन का शिलान्यास करेंगे

नई दिल्ली, 09 दिसम्बर 2020: प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 10 दिसम्बर, 2020 को 1300 बजे संसद परिसर में नए संसद भवन का शिलान्यास करेंगे।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रह्लाद वेंकटेश जोशी; आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हरदीप एस.पुरी; राज्य सभा के उप - सभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। केंद्रीय मंत्रिगण, राज्य मंत्रिगण, संसद सदस्य, सचिव, राजदूत/उच्चायुक्त इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

भारत के उप-राष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति श्री एम. वेंकैया नायडु और लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने 5 अगस्त, 2019 को क्रमशः राज्य सभा और लोक सभा की कार्यवाही के दौरान नए संसद भवन के लिए प्रस्ताव पेश किया था।

इसके पश्चात्, लोक सभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति द्वारा इस मामले पर कार्रवाई की गई थी। समिति ने नए संसद भवन के डिजाइन में शामिल किए जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार किए थे। यह भी सिफारिश की गई थी कि नए संसद भवन में भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने के लिए सम्पूर्ण देश के दस्तकार और शिल्पकार अपना योगदान देंगे।

नए संसद भवन का निर्माण वर्तमान संसद भवन के समीप लगे प्लॉट संख्या 118 पर किया जा रहा है। नये संसद भवन के डिजाइन में वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु बेहतर सुविधाओं, पर्याप्त स्थान और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रावधान किया गया है।

'आत्मनिर्भर भारत' के अग्रदूत के रूप में यह नया भवन वर्ष 2022 में देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'नए भारत' की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगा। चूंकि, यह भवन एक अत्याधुनिक एवं ऊर्जा-कुशल संरचना होगी इसलिए इसमें सुदृढ़ सुरक्षा- प्रणाली भी होगी। लोक सभा का नया कक्ष वर्तमान कक्ष के आकार से तीन गुना बड़ा होगा और राज्य सभा का कक्ष भी काफी बड़ा होगा। यह भवन भारतीय संस्कृति और हमारी क्षेत्रीय कलाओं, हस्तशिल्पों, टेक्सटाईल्स और स्थापत्य की विविधता का समृद्ध मिश्रण प्रस्तुत करेगा। इसमें एक भव्य केंद्रीय संविधान कक्ष का भी प्रावधान होगा।

यह नया भवन संसाधन-कुशल हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगा, पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देगा, रोजगार के अवसरों का सृजन करेगा और आर्थिक मजबूती को बढ़ाएगा। इसमें उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि प्रणाली और दृश्य-श्रव्य सुविधाएं, बैठने के लिए बेहतर एवं आरामदायक व्यवस्था, प्रभावी एवं समावेशी आपातकालीन सुविधाएं होंगी। यह भवन भूकम्पीय जोन-5 की आवश्यकताओं का अनुपालन करने सहित उच्च स्तरीय संरचनात्मक सुरक्षा मानकों का भी अनुपालन करेगा और इसे रखरखाव और प्रचालन की सरलता को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।